संख्या:-3/2024/166/78-1-2024-15/2024

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु01 **लखनऊ: दिनांक: 20 जनवरी, 2024**

विषयः- विभागीय वेबसाइट्स/पोर्टल्स की साइबर सुरक्षा के संबंध में।

महोदय,

दिनांक 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि परिसर में बने भव्य मन्दिर में श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश एवं दुनिया के करोड़ों लोग इस भव्य आयोजन के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप में साक्षी होंगे। इसमें इण्टरनेट का उपयोग कर इस आयोजन का प्रसारण वृहद रूप में किया जायेगा।

2. उक्त के दृष्टिगत देश एवं विदेश के हैकर्स/अवांछित तत्वों द्वारा विभागीय डाटा में छेड़छाड़ एवं Malicious Attacks किये जाने की आशंका बढ़ने की सम्भावना है। अतएव इस दौरान संवेदनशील डाटा की सुरक्षा करना अत्यन्त आवश्यक है।

3. अस्तु, सभी संबंधित विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षा है कि वे अपने विभाग से संबंधित समस्त वेबसाइट्स/पोर्टल्स एवं विभागीय डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही निम्नवत् कार्यवाहियों का अनुपालन भी शीर्ष प्राथमिकता पर किये जाने का अनुरोध हैः

(1) सभी वेबसाइट्स पोर्टल्स पर SSL (https) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे।

(2) विभागीय तकनीकी टीम द्वारा अपने विभाग से संबंधित वेबसाइट्स/पोर्टल्स पर किसी भी प्रकार का नया संशोधन आगामी 3 दिनों तक न किया जाये। अत्यन्त आवश्यक स्थिति में वेबसाइट्स/पोर्टल्स पर संशोधन के उपरान्त सिक्योरिटी ऑडिट अनिवार्य रूप से किया जाये।

(3) विभागों पर उपलब्ध FTP/RDP का उपयोग आगामी 3 दिनों तक न किया जाय।

(4) सभी वेबसाइट्स/पोर्टल्स का सिक्योरिटी ऑडिट तत्काल सुनिश्चित की जाये।

4. अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

भवदीय,
दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव

संख्या:-3/2024/166(1)/78-1-2024 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
4- प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इले0 विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- स्टॉफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
6- प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यूपीएलसी, लखनऊ।
7- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0।
8- राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी, लखनऊ।
9- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अनिल कुमार सागर
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।